तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025



12 स्कूलों के पालक-शिक्षक सम्मेलनों में विद्यार्थियों ...





12 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के बलकर्मियों ...






## खबर संक्षेप

### अजगर सांप को बाइक से घसीटा, आरोपी गिरफ्तार



**कांकेर।** सोशल मीडिया पर विगत दिनों एक व्यक्ति द्वारा अजगर सांप को रस्सी से बांधकर मोटरसाइकिल से घसीटते हुए वीडियो वायरल हुआ था। वन मंडल कांकेर के डीएफओ रौनक गोयल ने संज्ञान लेते हुए जाँच करवाया जिसमें आरोपी पहचान सुरेश जैन पिता हलाल राम जैन निवासी आतुरगांव के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9 और 51 के तहत 5 अगस्त को प्राथमिक वन अपराध दर्ज किया गया। इसके बाद 6 अगस्त को वन परिक्षेत्र अधिकारी कांकेर द्वारा आरोपी सुरेश जैन को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम पखांजूर में

**कांकेर।** सर्व आदिवासी समाज के समस्त ब्लॉक, एसटी, एससी, ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी प्रभाग, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग के संयुक्त तत्वाधान में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के महापर्व पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कोयलीबेड़ा ब्लॉक के पखांजूर में सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में मनाया जाएगा।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत 38 वर्षीय लएसब वट्टी खेत की ओर गया हुआ था, उसी दौरान तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गई। मदले निवासी सुकालू वट्टी ने पुलिस को बताया कि मृतक 5 अगस्त को खेत तरफ फसल में पानी देने के लिए गया था। मृतक का शव तालाब में डूबा हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### कुएं में डूबने से महिला की मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत 37 वर्षीय प्यारी बाई उइके का डूब जाने की वजह से मौत हो गया। नवागावड़े गांव निवासी सहयुराम उइके ने शेष पेज 10 पर

# महानदी पुल में रेत का धड़ल्ले से अवैध खनन, खनिज विभाग व जनप्रतिनिधि खामोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना

कांकेर जिले के सरोना गांव में बहती महानदी अब अवैध रेत खनन का अड्डा बन गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह खनन सीधे पुल के नीचे किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात-दिन ट्रैक्टर की मदद से रेत माफिया पुल की नींव से रेत निकाल रहे है, जिससे पुल की संरचना बुरी तरह प्रभावित हो रही है और वह किसी भी वक्त गिर सकता है। इसके बावजूद प्रशासन, खनिज विभाग और जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रेत माफिया पुल के नीचे से अवैध खुदाई कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर संरचनात्मक खतरा पैदा कर रही है, जिससे पुल की नींव खोखली हो रही है और जरा-सी आपदा में यह पुल कभी भी ढह सकता है न सिर्फ जानमाल का नुकसान होगा, बल्कि सरोना और आसपास के इलाकों का संपर्क भी टूट जाएगा। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासनिक अमला, खनिज विभाग, राजस्व विभाग और जनप्रतिनिधि सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे बैठे हैं। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन ना तो छापा पड़ा और न कोई कार्रवाई हुई, जिससे लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। गांव के लोगों ने अब साफ शब्दों में कहा है कि संबंधित विभाग के द्वारा जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक पुल सुरक्षित नहीं रहेगा, गांव की सुरक्षा खतरे में रहेगी। खनिज अधिनियम शेष पेज 10 पर

## रेत माफियाओं की हरकत से पुल की नींव हो रही खोखली



### आंदोलन के लिए होंगे बाध्य

सरोना क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि रेत माफिया को गांव वाले नहीं रोक सकते है, इनके खिलाफ जिम्मेदार विभाग कार्यवाही कर सकता है। हाराडुला पुल की तरह यहाँ का भी पुल खतरे में पड़ सकता है। अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लगाए जाने पर गांव के लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ऐसे मामलो में जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए अपना पक्ष भी नहीं रखते है।

## सियासत : विधायक सावित्री ने सरकार से निर्णय को वापस लेने की मांग की

# बिजली बिल हाफ योजना बंद करने पर बिफरे कांग्रेसियों ने सिटी दफ्तर घेरा व फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

राज्य की भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर जनता के साथ खिलवाड़ करते हुए बिजली की दर में हुई बेतहाशा वृद्धि और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किए जाने से आम जनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है जिसे लेकर आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा बिजली ऑफिस का घेराव एवं राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया।

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा बिजली बिल आधा योजना को बंद किया जाना जनता के ऊपर अत्याचार है। साय सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया है, जिसके तहत मात्र 100 यूनिट के भीतर खपत वाले का ही बिजली बिल हाफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के बहुसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हाफ योजना से वंचित हो गए हैं। वर्तमान आदेश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था, जिसका लाभ प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं को मिलता था, जिससे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ताओं का हजारों रुपए की बचत हुई। विगत डेढ़ वर्षों में भाजपा सरकार के द्वारा बिजली के दाम में चौथी बार वृद्धि करते हुए घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है।

गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है एवं सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली के दरों में अब तक कुल 80 पैसों की बढ़ोतरी कर चुकी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जनकनंदन कश्यप, नरेन्द्र यादव, हेमंत ध्रुव, सुनील पाढ़ी, यासीन कराणी, लोमेन्द्र यादव, सुनील गोस्वामी, मनोज जैन, सरजू शोरी, मृदुला भास्कर, अजय रेणु, दीपक शोरी, हिरवेंद्र साहू, मुकेश तिवारी, भीखम शोरी, खोमेंद्र उईके,चमन साहू, सुरेश नाग, शेष गजबिए, सोमेश सोनी, महेन्द्र नायक, प्रकाश द्विवेदी, प्रशांत सिन्हा एवं कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### खास बातें

- भाजपा सरकार ने डेढ़ साल में चार बार बिजली टैरिफ में की वृद्धि
- मध्यम एवं निम्न वर्ग भाजपा सरकार के निर्णय से हो रहे हैं परेशान



### कोयला, पानी हमारा फिर दर पर वृद्धि

भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव के जनता जूझ रहे है। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटे बिजली की आपूर्ति होती थी। महिलाओं को महतारी वंदन योजना में दे रहे पैसों को वसूलने की पूरी तैयारी छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है। रक्षाबंधन और तीज पर्व से पहले ही जुमले की सौगात भेंट कर रही है । महंगाई से परेशान जनता की जेब में डाका डालने का भाजपा सरकार ने कोई मौका नहीं छोड़ा। सरकार ने मध्यमवर्गीय और निम्नमध्यमवर्गीय परिवारों को सबसे बड़ा झटका दिया है। अभी 14 लाख परिवार बिजली बिल हाफ योजना से बाहर कर दिए गए हैं। भविष्य मे इसके अलावा 15 लाख अन्य परिवार भी इस झटके का शिकार होंगे । कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है कि सरकार इस फैसले पर पुनर्विचार करें। कोयला हमारा,पानी हमारा,जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। सरकार के जन विरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

### पत्नी से की मारपीट पति के खिलाफ दर्ज हुआ मामला



**कांकेर।** बेवजह पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति के खिलाफ पत्नी ने थाना में शिकायत दर्ज कराया। पत्नी का आरोप है कि उसके पति हमेशा दारू पीकर मेरे एवं मेरे बच्चों के साथ मारपीट कर गाली देता रहता है, जिसके मारपीट से मैं काफी परेशान हूं। थाना नरहरपुर में शिकायत करने पहुंचे टिकरापारा उमरादाह निवासी 35 वषीय चंद्रिका मरकाम पति अभिराम मरकाम ने पुलिस को बताया कि 6 अगस्त को सुबह करीबन 8 बजे मै अपने बड़ी बहन सगाबाई कांवड़े के खेत में अपनी बड़ी लड़की तामेश्वरी मरकाम के साथ काम करने गई थी और खेत में मेरी बड़ी बहन सगाबाई कावड़े, दुर्गा कावड़े गांव के आसो मरकाम, उमेश के साथ काम कर रही थी। उसी दिन लगभग दोपहर 12 बजे मेरे पति अभिराम मरकाम खेत में आते ही मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और बेवजह मेरे गले को दबाकर हाथ मुक्का थप्पड़ से मारपीट करने लगा। मारपीट को देखकर मेरे बड़ी बहन एवं मेरी लड़की तामेश्वरी एवं खेत में काम कर रहे लोगों ने बीच बचाव कर बड़ी मुश्किल से छुड़ाए। गला दबाने से मेरे गले में चोट आया है, सांस लेने में तकलिफ हो रही है। मेरे पति हमेशा दारू पीकर मेरे एवं मेरे बच्चों के साथ मारपीट गाली गलौच करता रहता है, जिससे मै काफी परेशान हूं। मेरे पति को गांव के सियानों द्वारा काफी समझाया गया है, फिर शेष पेज 10 पर

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

यातायात टीम के द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार कार्रवाही जारी है, जिसमें 7 अगस्त को कई वाहन चालक जो यातायात नियमों का अवहेलना करते हुए पाए गए, उनके खिलाफ चलानी कार्यवाही किया। जानकारी के अनुसार जाँच करने वाली यातायात टीम ने शराब सेवन कर वाहन चलाने के 7 प्रकरणों को न्यायलय के समक्ष पेश करने पर न्यायालय द्वारा 70 हजार रूपएं का अर्थदंड के राशि से दण्डित किया गया। इसके अलावा तेज गति से वाहन चलाने के 5 प्रकरण में 5 हजार रूपएं, ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वाले कार चालक के खिलाफ 2 हजार रूपएं, प्रेशर हॉर्न के 8 प्रकरण में 2 हजार 400 रूपएं कुल 21 प्रकरणों मे 79 हजार 400 रूपएं की राशि वसूली गई है। इसके साथ ही शहर के स्कूलो में जाकर नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाने एवं वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करने समझाइस दी गई। शहर के अंदर ज्ञानी चौक से घड़ी चौक तक बेतर्तिब खड़े वाहनों पर लॉक व्हील की कार्यवाही के साथ ही नो पार्किंग में खड़े वाहनों की चालनी कार्रवाई कर अव्यवस्थित लगे ठेलो को भी किनारे करवाकर समझाइस दिया गया। चार पहिया शेष पेज 10 पर



## प्रतिबंधित नशीली दवाइयां ओडिशा से लाकर बेचने के आरोप में तीन माफिया को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



शराबियों, नशेड़ी, गजेड़ियो, नशीली पदार्थ का सेवन एवं सप्लाई करने वालों पर लगाम कसने के लिए लगातार कार्यवाही विशेष अभियान के तहत जारी है। जेल भेजे गए नशेड़ियो से मिले इनपुट के आधार पर नशीली दवाई बेचने वाले तीन आरोपियों को दबोचकर जेल भेजा गया। कांकेर पुलिस को विशेष अभियान के तहत की जा रही कार्यवाही के दौरान जानकारी मिली कि उदनगर निवासी आकाश गजबिये, सुषाष वार्ड निवासी अंकुश उके तथा महादेव वार्ड निवासी शेख समद सभी अपने कब्जे में अवैध मादक पदार्थ नशीली प्रतिबंधित टेबलेट रखकर नया कम्युनिटी हाल कांकेर के सामने में बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे है। पुलिस मौके पर पहुंची, जहां कम्युनिटी हाल कांकेर के सामने तीन व्यक्ति खड़े होकर आपस में कुछ बातचीत कर रहे थे। पुलिस वाहन को देखकर इधर उधर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। उदय नगर निवासी 31 वर्षीय आकाश कुमार गजबिये पिता स्व. विजयकांत गजबिये, सुभाष वार्ड निवासी 24 वर्षीय अंकुश उके पिता राजेश उके और महादेव वार्ड निवासी 32 वर्षीय शेख समद पिता रोख मासुक का तलाशी लिया गया। तलाशी के दौरान उक्त आरोपियों के पास से प्रतिबंधित नशीली 53 नग टेबलेट, दो मोबाईल, नगद 150 रूपएं को जप्त किया गया। पुलिस के द्वारा किए गए पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लाथ अर्जित करने के लिए उक्त शेष पेज 10 पर

## पत्नी और बेटी पर जानलेवा हमला, दोषी नंदकिशोर को आजीवन कारवास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर थाना के कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम टेकाढ़ोहा निवासी नंद किशार बढ़ई ने पत्नी की चरित्र शंका के चलते और 02 साल की बेटी पर ढाई साल पहले लोहे के वसूला से हत्या की नियत से हमला बोला था, जिसमें दोनो की जान बच गई। अपर सत्र न्यायाधीश भानुप्रतापपुर दीपक के. गुप्ता ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक सीमा तिवारी ने बताया कि टेकाढ़ोहा निवासी नंद किशोर बढ़ई लगभग ढाई साल पहले 5 एवं 6 फरवरी 2023 की दरमियानी रात को लगभग साढ़े 11 बजे से लेकर पौन पाँच बजे सबसे पहले अपनी पत्नी संगीता बढ़ई के पेट और सिर पर वसूला से हमला किया और मरते दम तक पीटकर लहूलहान हालत में यह समझकर छोड़ दिया कि उसकी मौत हो गई, उसके उपरांत 02 साल की बेटी तृषा बढ़ई पर भी लोहे के वसूला से सिर पर जोरदार हमला बोला, जिससे दो साल की बेटी वहीं पर गिरकर शेष पेज 10 पर

- पत्नी की चरित्र पर संदेश के कारण मां समेत दो साल की बच्ची किया था हमला

### आर्थिक दंड में दिया गया



अपर लोक अभियोजक के अनुसार भानुप्रतापपुर न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश भानुप्रतापपुर दीपक के. गुप्ता ने मामले की सुनवाई करते हुए मिले साक्ष्य के आधार पर 07 अगस्त को आरोपी को धारा 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास, 2 हजार रूपएं जुर्माना एवं जुर्माना नहीं पटा पाने पर 3 माह की अतिरिक्त सजा, इसके अलावा धारा 307 आईपीसी के तहत 10 साल की सजा, 1000 रूपएं का जुर्माना और जुर्माना नहीं पटा पाने पर 2 माह की अतिरिक्त सजा सुनाई गई।

## मुहूर्त 9 की सुबह 05:30 से 10 अगस्त की सुबह 07:12 बजे तक

# रक्षाबंधन पर सालों बाद महादुर्लभ योग का संयोग, भद्रा निष्प्रभावी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन दो दिन बाद यानी 9 अगस्त, शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बार रक्षाबंधन पर विशेष शुभ संयोग बन रहे हैं, जो इसे और भी मंगलकारी बना रहे हैं। एक ओर भाई-बहन के रिश्ते को और प्रगाढ़ बनाने का यह त्योहार है, वहीं दूसरी ओर इस बार पंचांग के अनुसार राखी बांधने का मुहूर्त, श्रावण पूर्णिमा, और रक्षासूत्र बांधने के विधान को लेकर विशेष ग्रह-नक्षत्रों का योग बन रहा है। रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन का पर्व नहीं, बल्कि यह रक्षा, स्नेह और कर्तव्य का प्रतीक है। आज के युग में यह पर्व स्त्रियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वतंत्रता का संदेश भी देता है। आधुनिक दौर में बहनें केवल शेष पेज 10 पर




### रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त और योग

पंचांग के अनुसार इस वर्ष रक्षाबंधन पर श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 9 अगस्त को सुबह 05:30 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन 10 अगस्त को सुबह 07:12 बजे तक रहेगी, लेकिन रक्षा बंधन का पर्व 9 अगस्त को ही मनाया जाएगा। सबसे उत्तम समय राखी बांधने के लिए इस दिन सुबह 09:12 बजे से शाम 06:55 बजे तक माना जा रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार भद्रा काल का साया रक्षाबंधन पर नहीं रहेगा

### रक्षाबंधन का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व

रक्षाबंधन का पर्व हजारों वर्षों पुराना है और इसकी जड़ें हिंदू धर्मग्रंथों और लोककथाओं में मिलती हैं। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक परंपरा है जो भाई और बहन के प्रेम, समर्पण और विश्वास को दर्शाती है। पौराणिक संदर्भ के तहत महाभारत के अनुसार, जब श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का वध किया था, तब उनकी अंगुली कट गई थी। द्रौपदी ने तुरंत अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली पर बांध दिया था। श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को वचन दिया कि जब भी वह संकट में होंगी, वे उनकी रक्षा करेंगे। यही रक्षाबंधन की भावना को दर्शाता है। एक अन्य कथा के अनुसार, देव-दानव युद्ध के समय देवराज इंद्र को जब असुरों से पराजय मिली, तब उनकी पत्नी इंद्राणी ने उन्हें एक रक्षासूत्र बांधा और उनकी विजय की कामना की। यह राखी सिर्फ भाई-बहन के बीच ही नहीं, बल्कि रक्षा की भावना रखने वाले किसी भी पवित्र संबंध को प्रकट करती है।




## खबर संक्षेप

### कोकड़ी के विद्यालय में हुआ न्योता भोज



**कांकेर।** विकासखंड कांकेर में भाजपा के जिला मंत्री एवं बीपीदेव पीजी कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भाऊ ने अपने जन्मदिन पर 7 अगस्त गुरूवार को विकासखंड कांकेर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोकड़ी में छात्र-छात्राओं के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। स्कूली बच्चों के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आत्माराम मरकाम, शिक्षकगण अनिता भाऊ, पुष्पा चंद्रवंशी, विजय नेताम, नेमेश्वरी सिन्हा, रोशन खोबरागढ़े एवं सत्यवती ध्रुव सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### संदीप सरपंच संघ अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत

**कांकेर।** जिला सरपंच संघ का बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर एवं जनपद पंचायत नरहरपुर के सरपंच संघ के अध्यक्ष संदीप कुंजाम,



चारामा से मैना ध्रुव, कांकेर से विष्णु नेताम, अंतागढ़ से मानकू नुरेटी, पखांजूर से परमेश्वर उसेंडी, भानुप्रतापपुर से प्रदीप कोरेटी के उपस्थिति में हुआ। सरपंच संघ के बैठक में सभी के सर्वसम्मति से जिला सरपंच संघ का मनोनित किया गया, जिसमें संदीप कुमार कुंजाम को जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष से मनोनीत किया गया एवं उपाध्यक्ष मैना ध्रुव, विष्णु नेताम, सचिव शकुंतला नुरेटी, महासचिव प्रदीप कारेटी, कोषाध्यक्ष परमेश्वर उसेण्डी और प्रवता मानकू नरेटी को मनोनीत किया गया।

### गोयल ग्रुप ने कन्या हाईस्कूल एवं माशा को दिए व्हाइट बोर्ड व पंखे



**दुर्गुकोंदल।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में संचालित श्री बजरंग आयरन ओर माइंस प्रबन्धन लगातार दुर्गुकोंदल क्षेत्र में अपने सामाजिक सरोकारों का निर्वहन कर रहा है। गोयल ग्रुप द्वारा संचालित इस लौह अयस्क खदान के प्रबंधन द्वारा शासकीय कन्या हाईस्कूल एवं माध्यमिक शाला दुर्गुकोंदल को जनपद सदस्य एवं सभापति सविता उयके के उपस्थिति में व्हाइट बोर्ड प्रदान किए गए ताकि यहां पर अध्ययनरत छात्राओं को पढ़ाई के दौरान हो रही असुविधा से मुक्ति मिल सके। माइंस प्रबंधन को कुछ कक्षाओं में पंखे नहीं होने की जानकारी प्राप्त हुई तो तत्काल ही सीलिंग फैन की भी व्यवस्था की गई। गोयल ग्रुप के इस सहयोग के लिए कन्या हाईस्कूल एवं माध्यमिक शाला की प्रभारी प्राचार्या मनीषा सिन्हा नें गोयल ग्रुप का आभार व्यक्त किया। इस वितरण कार्यक्रम के दौरान कन्या हाईस्कूल एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक एवं संकुल समन्वयक शंकर दास नागवंशी, व्याख्याता संगीता केकती, मीना ढीमर, नीतीश कुमार, साहू, शैलेंदी मरकाम, नरेंद्र साहू, दयालुराम ठाकुर, सावित्री ठाकुर, वैभव तिवारी एवं बच्चे व गोयल ग्रूप के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# हायर सेकंडरी स्कूल मयूर डोंगर में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

## शिक्षा में सहयोग और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने पर रहा ज़ोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अलग खबर

हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में पालक–शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन गुरुवार कोबड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छवि पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ की गई। दीप प्रज्वलन का कार्य मुख्य अतिथि दिनकर कोर्राम व विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके उपरांत छात्र–छात्राओं द्वारा पुष्प गुच्छ से सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।



### बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे

कार्यक्रम में उप सरपंच मयूर डोंगर दिनकर कोर्राम, संकुल प्राचार्य मुकेश सैमसन, जनप्रतिनिधि, समस्त विद्यालयीन स्टाफ तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी सफल एवं सार्थक बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित अतिथियों, पालकों और शिक्षकों को चाय व स्वल्पाहार भी प्रदान किया गया। यह मेगा बैठक न केवल पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद का माध्यम बनी, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने की प्रेरणा भी प्रदान की। यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता की मिसाल बनकर उभरा है, जो आने वाले समय में अन्य स्कूलों के लिए भी आदर्श बन सकता है।

बैठक के दौरान संकुल प्राचार्य मुकेश सैमसन ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में पालक–शिक्षक समन्वय के महत्व को रेखांकित करते हुए इस प्रकार की बैठकों की आवश्यकता और प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति केवल विद्यालय या शिक्षक की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पालकों की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान ने भी मेगा बैठक के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पालकों को बच्चों की पढाई में सहायक बनने के लिए कई उपयोगी टिप्स साझा किए। साथ ही शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार पालक इन योजनाओं का लाभ उठाकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला सकते हैं।

## निरीक्षण: नारायणपुर से लौटते किया का औचक निरीक्षण

# भानुप्रतापपुर अस्पताल में विशेषज्ञ की एक माह में नियुक्ति की जाएगी: स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल गुरुवार को बस्तर प्रवास के दौरान 7 अगस्त को औचक भानुप्रतापपुर पहुंचे। भानुप्रतापपुर के सामुदायिक अस्पताल का निरीक्षण किया और उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर भानुप्रतापपुर में एक विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री के भानुप्रतापपुर पहुँचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नेताओं ने पुष्पगुच्छ और फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री जायसवाल ने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में चर्चा की और राज्य सरकार की योजनाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने तथा नए अस्पताल भवन निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर भानुप्रतापपुर में एक विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदेशवासियों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया भी मंत्री के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, शिवसेना नेता चंद्रमौली मिश्रा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजा पांडे, संकेत नशीने, लक्ष्मण कुलदीप समेत बड़ी संख्या में भाजपा व स्थानीय नेता उपस्थित रहें।

# पाइप लाइन से घरों में नहीं मिल रहा पानी 6 माह से ग्रामीण परेशान पर सुनुवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत लोहत्तर में 6 माह से नल जल योजना के माध्यम से एक बूंद पानी नहीं मिल पा रहा है। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा शिकायत किए जाने के बाद भी सुधार नहीं हो पा रहा है।

एक हजार की जनसंख्या वाले गांव लोहत्तर के ग्रामीण ललित देहारी, सोनाराम साहू, लीलाप्रसाद कुलदीप, मन्नू गढ़िया, रवि भालेश्वर, सांवत, उल्लेखन उर्वशा सहित दर्जनों ग्रामीणों नें बताया कि कई बार समिति, सरपंच, सचिव और एसडीओ को शिकायत करने के पश्चात कोई निराकरण नहीं कर रहें है। समिति को बोलने से ग्राम पंचायत को थोप देते है और ग्राम पंचायत को कई बार बोलने के बाद उल्टा पुल्टा जवाब देते है जिससे ग्रामीण हताश निराश होकर बैठे है। इस व्यवस्था पर जिम्मेदार यहाँ तक बोल देते है कि आपके पास बोर है, आपको क्या कमी है, अपना काम देखिए तक बोला गया है और दुःख बात यह है कि जितने भी हेंडपंप है, वहाँ ग्राम पंचायत द्वारा टेपनल लगा दिया गया है और बाकि हेंडपंप में कई लोग स्वयं का बोर फिट कर स्वयं उपयोग कर रहें है जिससे अत्यधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर हर स्तर पर संज्ञान में लाया गया है, परंतु जिम्मेदार गंभीरता क्यों नही दिखा रहे है, यह समझ से परे है।

**नेताओं की नहीं होती सुनवाई**–जनपद सदस्य विकास राजु नायक और भाजपा नेता राहुल जाम्बुकर का इस मामले में कहना है कि हमें कई बार ग्रामीणों नें इस बात को बताया और हमने उच्च कार्यालय में भी शिकायत भी किया। समिति, ग्राम पंचायत और पीएचई विभाग को संपर्क किया, बस आश्वासन दिया गया कि एक दो दिन में बन जाएगा, लेकिन काम नहीं हो पाया।

# तीन तलाक मामले में महिला गिरफ्तार, मुख्य आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी

**कांकेर।** तीन तलाक और दहेज के मामले में कांकेर की पीड़िता ने शिकायत किया था, उसी के तहत कांकेर पुलिस ने धारा 85 भान्या संहिता, 4 मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधि. 2019) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इस मामले में एक आरोपी बलौदाबाजार निवासी 37 वर्षीय शहनाज बानो पति गुलाब जलानी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुख्य आरोपी के साथ अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार पीड़ति का विवाह के पश्चात से ही मायके पक्ष में पति, सास और ननंद दहेज और पैसे के लिए लगातार प्रताड़ित करते रहे थे। 20 जून को पीड़ति के पति द्वारा उसे फोन कर लगातार तीन बार तलाक का उच्चारण करके अवैधानिक रूप से तलाक दिया है एवं उसके पति, सास तथा ननंद द्वारा लगातार दहेज की मांग कर प्रताड़ित किए गया। पीड़िता की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने मामला दर्ज किया। विवेचना के दौरान आरोपीगणों के सुकुनत का एवं तकनीकी विवरण प्राप्त कर संभावित लोकेशन पर पतासाजी के लिए टीम रवाना किया गया था। टीम द्वारा आरोपिया बलौदाबाजार निवासी 37 वर्षीय शहनाज बानो पति गुलाब जलानी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपिया के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में घटना दिनांक से ही मुख्य आरोपी पति सहित अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी सघन पताशाजी की जा रही है।



# प्रथम पालक शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

पालको से बेहतर संवाद स्थापित कर बच्चों के शैक्षणिक स्तर मे वृद्धि करने प्रथम पालक शिक्षक बैठक का आयोजन प्रा व माशा कोपाकटेल में किया गया।

बैठक संचालन करते हुए संकुल समन्वयक रामचंद्र दुग्गे ने बच्चों के शारीरिक मानशिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय, पालक एवं शिक्षक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। प्रभारी प्रधान पाठक सोनसाय ओट्टी ने कहा कि शिक्षक एवं पालक के संयुक्त प्रयास से ही बच्चों मे पढाई के प्रति सकारात्मक महौल पैदा होगा। संकुल अंतर्गत समस्त शालाओं मे प्रथम पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से घर का वातावरण बच्चों के पढाई के लिए बेहतर बनाना, छात्र दिन चर्या मे जानकारी रखना, बच्चों ने आज क्या सीखा इसका जानकारी लेना, बच्चे के हिचक को दूर करना, बच्चों के अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा परिणाम, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोजन, आदि बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक मे पालक सर्व बज्जू राम, सुकालूराम नरेटी, सन्तूराम यादव, अंकालू राम, सनाऊ राम, मेहर सिंह ऊसेंडी, सोनसाय, वशिष्ठ यादव, अशोक कुमार यादव, गणेश राम नेताम, सम्पत मंडा वी, नोहरूराम, शिक्षक घनश्याम सहारे, चन्द्रशेखर पोटाई एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## पीएमश्री सेजेस विद्यालय में हुई पालक एवं शिक्षकों की बैठक



*भानुप्रतापपुर। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार वर्ष 2025-26 में समस्त शैक्षिक संस्थाओं में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाना है, जिसके परिपालन में पीएमश्री सेजेस विद्यालय भानुप्रतापपुर में संस्था के प्राचार्य पीआर भारद्वाज के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विद्यालय स्तर पर प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में घर का वातावरण, छात्र की दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, विद्यार्थियों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति आय निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोजन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा, पास्को एक्ट 2012 का व्यापक प्रचार प्रसार करना, विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना जैसे आदि प्रमुख विषयों पर चर्चा परिचर्चा किया गया। बैठक में पालकों ने शिक्षकों से सीधा संवाद करते हुए छात्रों की सतत प्रगति एवं माह जुलाई के मासिक मूल्यांकन के परीक्षाफल का अवलोकन किया और विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए जिस पर अमल करने के लिए शिक्षकों ने सहर्ष स्वीकार्य आश्वासन प्रदान किया। कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।*

### स्वामी अत्मानंद में पालक शिक्षक सम्मेलन हुआ

**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी अत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में संस्था के प्राचार्य अजय नेताम के उपस्थिति में पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमे अधिक से अधिक पालकगण उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया जैसे घर का वातावरण, बच्चों की पढाई के लिए उचित वातावरण के लिए घर में ही पढाई करना, दिनचर्या, बच्चे ने क्या क्या सिखा, बच्चा बोलेगा बिना डर के, परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, आय, जाति, निवास, साथ ही अभी एफए 1 परीक्षा हुआ उसके प्राप्त अंक के बारे में चर्चा व आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस मौके पर समस्त शिक्षक- शिक्षिकाए व पालकगण उपस्थित रहे।



### आत्मानंद स्कूल भानबेड़ा में हुई पालक शिक्षक बैठक

**भानुप्रतापपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय भानबेड़ा में प्रचार्य जयराम तेता के अध्यक्षता में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के संदर्भ में समस्त पालकों को बताते हुए शिक्षा के अधिकार के बारे में भी प्रचार्य ने विस्तार से चर्चा कर स्कूल की उपलब्धि के बारे में बताया। पालकों से आग्रह किया कि नियमित रूप से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। शिक्षक से लगातार संपर्क में रहे। सरपंच ममता ठाकुर ने कहा कि आप सभी अपने बच्चों की जानकारी लेने के लिए नियमित रूप से संस्था में आया करें। आप समस्त प्रकार के विसंगतियों से दूर रहे तथा अपने बच्चों को भी दूर रखें गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाने का आह्वान किया। जनप्रतिनिधि एवं पालकों ने शाला में स्थित पुस्तकालय, प्रयोगशाला, व्यावसायिक शिक्षण कक्ष का अवलोकन किया। पालकों ने शिक्षकों से चर्चा कर अपने बच्चों की शैक्षणिक स्थिति जानी। उक्त बैठक के दौरान एसएमडीसी अध्यक्ष जितेन पांडे, उपसरपंच खेमलाल साहू, ग्राम पटेल दुर्योधन ठाकुर, रमेश कोराम, प्रमोद कोमरे, पूर्व सरपंच अशोक सर्फे, केवी ठाकुर मैडम, पीलाबाई यादव समस्त पालक एवं संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।



# गौ तस्करी के विरोध में विहिप व बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पखांजुर के कार्यकर्ताओं ने गौ तस्करी को रोकने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजुर को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर गौ तस्करी बंद करो के नारे भी लगाए और प्रशासन से इस पर तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया।

प्रखंड मंत्री सुमन हालदार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गौमाता को लेकर बनाए गए नए नियमों पर अमल किया जाए। विभाग सह संयोजक रोशन बराई ने बताया कि परलकोट क्षेत्र जो महाराष्ट्र का सीमावर्ती क्षेत्र है, वहां से तस्कर गौवंश को अवैध रूप से कत्लखानों में ले जाते हैं। चेतावनी दी कि यदि अगले 15 दिनों के भीतर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेंगे और चक्का जाम करेंगे। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष सौरभ दास, जिला संयोजक राहुल सरकार, सौरभ महंत, राहुल मिर्धा, धीरज मंडल और तारक विस्वास सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# गेट, राड एवं हेड स्टक की चोरी के मामले में रिपोर्ट हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




ग्राम सारंडा में लगे स्लूस गेट का निरीक्षण करने के लिए गए जल संसाधन विभाग के उप अभियंता ने देखा कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा स्लूस गेट का प्लेट, राड एवं हेड़ स्टक को चोरी हो गया है। उप अभियंता ने पुलिस को बताया कि चोरी हुए समानों का बिल नही है। कांकेर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे लट्टीपारा निवासी 30 वर्षीय अंकिता ध्रुव पिता दिनेश कुमार ध्रुव ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में जल संसाधन सर्वेक्षण उप संभाग क्रमांक 1 कांकेर जिला में उप अभियंता के पद पर कार्यरत हूं और 5 अगस्त को दोपहर करीबन 1 बजे मैं अपने विभागिय लेबर घुरउ राम मरकाम एवं चैन सिंह मरकाम को लेकर व्यपवर्तन योजना अंतर्गत ग्राम सारंडा में लगे स्लूस गेट का निरीक्षण करने के लिया था, वहां पहुंचकर देखे तो बड़ी वाल पर लगा हुआ गेट था, लेकिन स्लूस गेट जिसका पानी केनल में जाता है, वहां पर वह स्लूस गेट का प्लेट, राड एवं हेड़ स्टक नहीं था। अपने साथ ले गए लेबर लोगो के साथ आसपास खोजबीन किया, लेकिन उक्त समान नहीं मिला। मुझे शंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा स्लूस गेट का प्लेट, राड एवं हेड़ स्टक को चोरी कर ले गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 49 हजार 762 रूपएं है। चोरी हुए समानों का बिल नही है। स्लूस गेट का प्लेट, राड एवं हेड़ स्टक की चोरी होने की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

## पेज 9 के शेष

### महानदी पुल में...

और पर्यावरणीय नियमों के अनुसार पुल और अन्य सार्वजनिक संरचनाओं के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित है, इस क्षेत्र में किसी भी तरह का खनन नहीं हो सकता है

### कुएं में डूबने...

पुलिस को बताया कि 2 से 5 अगस्त के बीच मृतिका का कुआं में डूब जाने से मौत हो गया। मृतिका कुआं में कैसे गिरी, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

### यातायात नियमों का...

वाहनों मे लगे ब्लैक फिल्म को निकलवाकर चालनी कार्यवाही की गई। शहर के अंदर एवं आस के क्षेत्रो मे बिना किसी कार्य के अपने वाहन मे पुलिस का बोर्ड, सायरन या हूटर बजाने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा। भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार एचएचआरपी नम्बर प्लेट बनवाने के लिए लोगों की भीड़ यातायात शाखा में लगे शिविर में देखने को मिला व 10 लोगों का सुधार के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया।

### प्रतिबंधित नशीली ...

मादक पदार्थ प्रतिबंधित नशीली दवाई को बिक्री के लिए उड़ीसा से खरीदकर लाते थे और कांकेर शहर में सप्लाई करना स्वीकार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 22, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायालय पेश किया गया, जिन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### पत्नी और बेटी...

बेहोश हो गई। घटना की जानकारी जैसे तैसे आरोपी के पत्नी के परिजनों को 6 फरवरी को पता चला। परिजनों ने तत्काल ईलाज के लिए भर्ती कराया और घटना की जानकारी पुलिस को दिया। मौके पर कच्चे चौकी से पुलिस पहुँचकर मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल पत्नी के रिश्तेदार की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 307, 302 आईपीसी के तहत भानुप्रतापपुर थाना में मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने आरोपी को गिरफतार करते हुए न्यायालय पेश किया और जेल भेजा गया।

### रक्षाबंधन पर सालों...

अपने भाइयों से रक्षा की अपेक्षा नहीं करतीं, बल्कि वे भी हर मोर्चे पर उनका साथ निभाने को तैयार हैं। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि परिवार और समाज में आपसी सहयोग, संवेदना और भरोसे की डोर कितनी महत्वपूर्ण है।। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, जब भद्रा काल नहीं होता, तब राखी बांधना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस वर्ष रक्षाबंधन पर सूर्य और बुध की कर्क राशि में युति होने से बुधादित्य राजयोग, शुक्र और गुरु की मिथुन राशि में युति होने से गजलक्ष्मी राजयोग, चंद्रमा मकर राशि में होंगे और सर्वार्थ सिद्धि योग और सौभाग्य योग बनेगा।

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री का किया आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पार्षद नरसिंग राव समेत अन्य मौजूद थे।

### पैलेस रोड के व्यापारियों से मिले महापौर और पार्षद



**जगदलपुर।** महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता अभियान का संचालन जोश और उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस अभियान में नगर निगम के अधिकारीगण ,पार्षदगण, नागरिक, स्वच्छता एंबेसडर, व्यापारीगण एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। बुधवार को महापौर के नेतृत्व में पैलेस रोड से जनजागरूकता रैली निकाली गई। सभी सहभागीगण हाथों में पाम्पलेट व माईक लिए दुकानों में जाकर स्वच्छता का संदेश दे रहे थे। उन्होंने दुकानदारों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने और कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने की गुजारिश की। इस दौरान महापौर समेत नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, पूर्व महापौर सफिरा साहू, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही, योगेंद्र पांडे, संजय विश्वकर्मा, संग्राम सिंह राणा, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर पार्षदगण खगेंद्र ठाकुर, पूनम सिन्हा, पारुल बोथरा, रोशन सिसोदिया, उमा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### नेटबॉल में स्कूली खिलाड़ियों ने दिखाया जोहर



**जगदलपुर।** कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला क्रमांक-2 में जिला स्तरीय शालेय खेलकूद चयन प्रतियोगिता में 14,17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। चयन समिति में वरिष्ठ व्यायाम प्रशिक्षकों की सहभागिता रही, जिनमें संजय मूर्ति, प्रदीप राव, डी कोटेश्वर राव नायडू, प्रेमलाल जानी, नवीन, ठाकुर, सुश्री मोनिका नवतानी, सुश्री लेखनी धीवर एवं सुश्रीबमुकेश्वरी टेकाम शामिल रहे। आयोजन में अनुशासन,खेल भावना और उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस अवसर पर वरिष्ठ संयोजक संजय मूर्ति ने खिलाड़ियों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी। वरिष्ठ व्यायाम अनुदेशक प्रदीप राव ने खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

# पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत खर्च पीडब्ल्यूडी करेगा वहन : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धरमपुरा इलाके में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस कार्य के चलते आसपास के कई मकानों की नल कनेक्शन लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित हो गई है। समस्या की जानकारी महापौर संजय पाण्डे को प्राप्त हुई, वे तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

मौके से ही महापौर ने पीडब्ल्यूडी और पीएचई के अधिकारियों को तलब किया और निर्देशित किया कि जलापूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

**धरमपुरा क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के दौरान जलापूर्ति बाधित**



**जनता को असुविधा न हो**

महापौर ने कहा कि नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा, ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग भी रोका जा सके। उन्होंने कहा कि बगैर समन्वय के कार्य करने से आम नागरिकों को समस्या होती है और सरकारी खर्च भी अनावश्यक रूप से बढ़ता है।इस गंभीर विषय पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा से भी चर्चा की और नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे पीडब्ल्यूडी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

उन्होंने ठेकेदार से चर्चा कर स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ड्रेन व पाइप डक्ट लाइन सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं उत्पन्न न हों।

महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उसका मरम्मत खर्च पीडब्ल्यूडी विभाग वहन करेगा। उन्होंने इस दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध ढंग से कार्य निष्पादन पर बल दिया।

महापौर ने नागरिकों से अपील की है कि यदि इस प्रकार की कोई समस्या सामने आए तो तुरंत नगर निगम कार्यालय को सूचित करें, ताकि तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

### प्रभारी मंत्री ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# दो से अधिक बार शराब की तस्करी में संलग्न पाए जाने पर सम्पत्ति होगी जब्त : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने जिले में की जा रही नवाचार एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय में ली।

उन्होंने कहा कि दो से अधिक बार शराब या नशा के अन्य स्रोत की तस्करी में संलग्न पाए जाने पर संबंधित की सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही करें। नशा संबंधी मामलों के लिए पुलिस विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ दवा के व्यापारियों की बैठक करें । सुपर हॉस्पिटल में ओपीडी संचालन को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य के प्रमुख मार्गों के किनारे के ग्राम पंचायतों में काम्प्लेक्स निर्माण के तहत अच्छी दुकानें, परिसर बनाए ताकि पंचायत को राजस्व की प्राप्ति हो सके।अविवादित बंटवारा के प्रकरणों से पंचायत के प्रस्ताव पर राजस्व के रिकार्ड में दर्ज करने के लिए पंचायत सचिवों को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण दी जाए और जागरूकता अभियान के लिए होर्डिंग लगवायें, मुनादी भी करवायें। उन्होंने कहा कि मिलेट्स के किसानों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उत्पाद को मार्केट तक पहुँचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें ।

ग्रामीण अंतर्गत आत्म समर्पित एवं नक्सल पीड़ित हितग्रहियों के प्रथम किश्त प्राप्त उपरांत आवासों की स्थिति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, मनरेगा के कार्यों, इसके अलावा मनरेगा आंगनबाड़ी भवन और पीडीएस भवन निर्माण कार्य की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आगामी तीन माह में किए जाने वाले बड़े कार्य हेतु लक्ष्य तथा कार्ययोजना की समीक्षा किए।

इस अवसर पर विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय, सचिव पंचायत भीम सिंह, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।




**खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा निलंबित**

बैठक में गृह विभाग से जुआ, सटटा, अवैध शराब के प्रकरणों की स्थिति, गोधन के अवैध परिवहन की स्थिति, ट्रैफिक और कानून व्यवस्था, यातायात जागरूकता कार्यक्रम की गतिविधि, हिट एंड रन के मामले, मोटरयान अधिनियम के तहत महत्वपूर्ण धाराओं में की गई कार्यवाही, खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही, गुम इंसानों के प्रकरण की, राजस्व प्रकरण वापसी की, एनडीपीएस के मामले की जानकारी की समीक्षा किए।

# 60 लाख सदस्य जोड़ने पर हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने 60 लाख नए सदस्य जोड़ने पर उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को सदस्यता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया जिन्होंने 10 हजार से ज्यादा सदस्य बनाएं।

- सांसद एवं विधायक को मिला सदस्यता श्री सम्मान

सांसद महेश कश्यप ने एवं विधायक विनायक गोयल 4 हजार से ज्यादा सदस्य बनाये जिन्हे सदस्यता श्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

भाजपा ने पूरे देश में 2 सितम्बर से सदस्यता अभियान ऑनलाइन प्रारंभ किया था। इस नवीन सदस्यता अभियान के तहत जगदलपुर में भी सदस्य बनाने हेतु कार्यकतार्ओं ने जी तोड़ मेहनत की, हर वर्ग से संपर्क किया भाजपा के रीति-नीति से जोड़ा और उन्हें विधिवत ऑनलाइन सदस्यता दिलवाई ।

बस्तर जिले में महापौर संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, भारत कश्यप, बसंत कश्यप ने 1000 से अधिक सदस्य बनाये उन्हें सदस्यता दीप से सम्मानित किया । जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश एवं भाजपा नेताओं ने भी सभी को शुभकामनाएं दी ।

महापौर संजय पांडे ने कहा प्रदेश अध्यक्ष एवं बस्तर जिले की सदस्यता प्रभारी वन मंत्री केदार कश्यप, शरद अवस्थी एवं सुभाऊ राम कश्यप व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी का सहयोग व आशीर्वाद से दीप सम्मान से सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि सदस्यता सिर्फ सदस्य बनने के लिए ही नहीं बल्कि राष्ट्र को सशक्त बनाने समाज में समरसता लाने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित राष्ट्र 2047 के संकल्प को पूरा करना है।

# मारपीट, गाली गलौज और दुर्व्यवहार करने वालों पर सख्त कार्यवाही हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने आईजी को दिया गया ज्ञापन

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चंद ने पदाधिकारी के साथ आईजी से मुलाकात की। दुर्ग मे बजरंग दल की नेत्री ज्योति शर्मा पर नारायणपुर जिला की आदिवासी बच्चियों एवं युवक के साथ मारपीट, गाली गलौज, दुर्व्यवहार करने एवं ननो के विरुद्ध मानव तस्करी, धर्मांतरण के झूठे आरोप लगा कर एफआईआर दर्ज करने अनुचित दबाव बनाने जैसे विषय पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा है कि 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन में दो नन, एक आदिवासी युवक तीन आदिवासी युवतियों के मामले में जो घटनाक्रम सामने है अत्यंत आश्चर्यजनक और दुखद है ।



उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रभावित तीनों युवतियों द्वारा नारायणपुर पुलिस अधीक्षक कार्यलय पहुंच बजरंग दल की नेत्री ज्योति शर्मा के विरुद्ध आवेदन देकर बताया गया कि तीनों आदिवासी बच्चियां भयभीत है।

नारायणपुर जिले के संबंधित थाने में आदिवासी युवतियों के आवेदन पर एफ आई आर दर्ज करने का निर्देश देने दुर्ग की नेत्री की गिरफ्तारी एवं संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच हेतु संभाग स्तरीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की जांच टीम बनाने की मांग आईजी से की गई है। इस दौरान सुरेश नाग, के आकाश जॉन, प्रिया यादव, गायत्री ठाकुर, मेहताब सिंह, हिमांशु आनंद, कमल बघेल,गौतम दास,भूमि दास,पल्लव हवलदार अमजीत खजूर सुमित कश्यप विवेक जायसवाल बिल्टू हालदार, सफीक खान, अरमान खान, शंभू नाथ, राजेश गुप्ता, अरविंद सिंह, पूर्णिमा मंडल, बिलाल खान आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 13 साल पहले आज के दिन शहीद हुए जवानों को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- परिजन के घर जाकर भेंट किया गया मोमेंटो

कोबरा कैम्पस करनपुर स्थित शहीद स्मारक में आज देवेन्द्र सिंह कास्वा द्वितीय कमान अधिकारी 204 कोबरा वाहिनी करनपुर द्वारा आज ही के दिन 2012 में अपने प्राणों की शहादत देने वाले शहीद जवान मुकुलचन्द्र वर्मन पश्चिम बंगाल एवं कृष्णपाल सिंह उत्तर प्रदेश को भावभीनी श्रध्दांजलि अर्पित की गई। जिसमें 204 कोबरा के समस्त अधिकारियों एवं जवानों सहित ज्ञानोदय स्कूल करनपुर एवं शासकीय प्राथमिक शाला माड़पाल के बच्चों ने भी शहीद जवानों को पुष्प अर्पित किये एवं 1 मिनट का मौन रखते हुए शहीद जवानों को श्रध्दांजलि अर्पित किया। इनको याद करते हुए 204 कोबरा के प्रतिनिधि के रुप में 2 कार्मिक शहीदों के घर जाकर सम्मान सहित उनके परिवारजनों को भेंट स्वरुप मोमेन्टो प्रदान किए गए।

## मेरे भैय्या...पहले देश...



जगदलपुर। पुलिस और फौज में नौकरी कर रही युवतियों और महिलाओं को यह पता है कि रक्षाबंधन के दिन वह प्रत्यक्ष रूप में भाई की कलाई पर राखी नहीं बांध पाएंगी। देश सेवा की ड्यूटी से उसे छुट्टी नही मिलेगी । राखी पर्व के दो दिन पहले आज शाम शहर के कुम्हारपारा मार्ग पर वर्दी में कुछ बहनें दुकान पहुंचकर राखी खरीद रही थी। सीआरपीएफ पोस्ट सेंड़वा की यह महिला जवान परेड से वापस पोस्ट जा रही थी। शाम का समय था और हल्की बारिश हो रही थी। बस में सवार होकर सभी महिला जवान लौट रही थी। इस बीच राखी के दुकान ने उन्हें भाईयों के लिए राखी भेजने का याद दिलाया। परमिशन लेकर वे दुकान पहुंची और भाईयों की कलाई के लिए राखी खरीदी। उनके मन में पहले देश और बाद में परिवार यह भावना पुलिस और फोर्स में आने से पहले भर दी गई है। उनके चेहरे पर जोश और उत्साह छलक रहा था। दुकानदार ने भी वर्दी में पहुंची सीआरपीएफ बहनों को उनकी पसंद का राखी दिखाने में देर नहीं की ।

छाया : सुरेश रावल

# छात्राओं ने संगीत, नृत्य व कलात्मक से किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में चल रहे इंडक्शन कार्यक्रम का अंतिम दिन उल्लासपूर्ण और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर रहा। समापन दिवस पर आयोजित एक रंगारंग सांस्कृतिक सत्र में छात्राओं ने संगीत, नृत्य और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम ने नवप्रवेशित छात्राओं को न केवल मंच पर आने का अवसर दिया, बल्कि आपसी संवाद, सहयोग और एकता को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्षों ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए तैयार रहने और पूरे जोश के साथ अध्ययन में जुटने की प्रेरणा दी।

- सत्र के लिए तैयार रहने व जोश के साथ अध्ययन में जुटने की दी प्रेरणा
- कन्या पॉलीटेक्निक के इंडक्शन कार्यक्रम का समापन




कॉलेज के प्राचार्य एसके त्रिवेदी ने अपने प्रेरणास्पद भाषण में बताया कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को आगे भी कॉलेज के आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया और साथ ही पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में बढ़ने की बात कही।

आयोजन का संचालन, कार्यक्रम समन्वयक हेमचन्द्र देवांगन द्वारा किया गया, जिन्होंने संपूर्ण आयोजन को कुशलतापूर्वक सम्हाला। वहीं मंच संचालन व्याख्याता एंजलिन मैथ्यू ने किया, जिससे पूरा कार्यक्रम सरस और प्रभावशाली बना रहा।

# स्वसहायता समूह की महिलाएं बांस से बना रहीं आकर्षक राखियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और रक्षा का संकल्प का त्योहार रक्षाबंधन आने वाला है। इसे देखकर नमन स्वसहायता समूह महिलाओं ने रक्षाबंधन पर फैंसी राखियों के साथ बांस से राखी तैयार की जा रही है। महिला स्वसहायता समूहों की राखियों की बिक्री शहर के सीरहासार चौक में स्टॉल लगा कर की जा रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के महिलाओं ने बांस से लगभग 1000 राखी बनाकर शहर में बेच रहे हैं, प्रत्येक राखी की कीमत 10, 20, 30 रूपए किया गया है। समूह की महिला पूर्णिमा ने बताया कि अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर होने की सीख कर रहे हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। उसने बताया कि बिहान से प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है, इसके बाद यह कार्य 3 वर्षों से कार्य कर रहे हैं।

# आस्था निकुंज में फल बांटकर लगाए गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आस्था निकुंज में बुजुर्ग माताओं के साथ केक काटकर एवं फल वितरण और फलदार पौधों का पौधरोपण किया गया। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष रोजविन दास ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य एंव दीघार्यु के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रामशंकर राव, हनुमान दुबे, अंगद त्रिपाठी ,मोइन अख्तर,नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के महामंत्री जितेंद्र अहलूवालिया, पार्षद सूयार्पानी, जोस्टीन भवानी ,पूर्व पार्षद ललिता राव, बलराम यादव ,कमलेश पाठक,सुषमा सुता, महिला कांग्रेस शहनाज बेगम ,अंजना नाग सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे ।

PAWAN CONSULTANCY

- MBBS, MS/MD
- BDS, MDS
- BAMS
- BHMS
- BNYS
- BPT
- NURSING
- PARAMEDICAL
- D. PHARMA
- B. PHARMA
- M. PHARMA
- B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
- AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
- ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
- BBA, MBA
- LLB, LLM
- BCA, MCA
- VETERINARY
- B.Lib, M.Lib
- Nursery to Class 12th (All subject)
- All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
- PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION

We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission

Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur

Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements

- Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
- Education Loan Facility
- On The Spot Admission

Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

TEAM CREATIVE

## खबर संक्षेप



### सीमा सुरक्षा बल के वीर जवानों को बांधी राखी

**दुर्गुकोंदल।** रक्षाबंधन के अवसर पर छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं महिला मोर्चा से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल सीओबी गुमरिडीही 178 बटालियन सीमा सुरक्षा बल पहुँचे। इस अवसर पर बहनों ने देश की रक्षा में तैनात बीएसएफ वीर जवानों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बाँधकर उन्हें सम्मान, स्नेह और आभार अर्पित किया। 178 बटालियन बीएसएफ सहायक समादेष्टा रितेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं समस्त जवान के अलावा उपस्थित रहे। इस अवसर पर धमतरी महिला मोर्चा भाजपा की जिला अध्यक्ष, जिला मण्डल उपाध्यक्ष, सचिव, पूर्व जनपद सदस्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जिला अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष आमदी बेटी बचाओ अभियान की प्रतिनिधि सम्मिलित रहीं।

### मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नदी में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। पखांजूर तहसील के पुराना बाजार पखांजूर निवासी 16 वर्षीय सूरज साहा की कोटरी नदी में बने एनीकट में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित संजय साहा और कृष्णा साहा को संयुक्त रूप से चार लाख रुपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 7123 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 7123.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा दुर्गुकोंदल तहसील में 917.2 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 402 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 859.4 मिलीमीटर, चारामा में 621.4 मिमी., अंतागढ़ में 679.5, पखांजूर में 580.9, नरहरपुर में 540.6, सरोना में 413.1 मिलीमीटर, आमाबेड़ा में 809.1, कोयलीबेड़ा में 573.7 और बांदे में 726.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्रीभागवत कथा 13 से

**भानुप्रतापपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव एवं सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ 13 से 20 अगस्त तक वृन्दावन धाम राधाकृष्ण मंदिर श्री साई बाबा मंदिर परिसर में किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे रहेगा। समिति के अध्यक्ष निखिल शिवहरे ने बताया कि जन्माष्टमी पर विशेष आकर्षण राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता, अपने नन्हे मुन्ने को राधा या कृष्ण बना कर लाए, 16 को जन्माष्टमी को शाम 06 से 08 बजे तक दो श्रेणी में पुरस्कार दिया जाएगा।

## सम्मेलन : सम्मेलन में पालकों से बच्चों की दिनचर्या में ध्यान देने की अपील की

# स्कूलों के पालक-शिक्षक सम्मेलनों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों के शारीरिक-मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत हों, जिससे बच्चों को सतत प्रेरणा एवं सही समय पर उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके, इसलिए पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में बाल कैबिनेट, अनुशासन समिति, स्वच्छता समिति, शाला नायक और कक्षा नायक के लिए चुने गए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। बच्चों ने ईमानदारी और समर्पण से अपने दायित्व निभाने का संकल्प लिया। पालक-शिक्षक संवाद में बच्चों की दिनचर्या, घर का माहौल, पढ़ाई की प्रगति, परीक्षा की तैयारी, बस्ता रहित शनिवार, स्वास्थ्य, पोषण, प्रमाणपत्रों की स्थिति, प्रतियोगी परीक्षाएं, छात्रवृत्तियाँ,



डिजिटल शिक्षा मंच और पॉक्सो एक्ट 2012 जैसे विषयों पर दिनेश कुमार मेंरिया, आयतु राम, सोमनाथ गोटा, राम सिंह नरेटी, दिनेश कुमार उइके, रोमबाई मेरिया, देवकी नरेटी, नरेश उइके, सदा राम सलाम, भाव सिंह राणा, राम सिंह कोरेटी, बृजलाल सलाम, मंगू राम सलाम, संपत सिंह, सामुराम मेरिया आदि समस्त अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों के मध्य चर्चा हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप ड्राप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करने जैसे मुख्य उद्देश्य को लेकर अभिभावकों की उपस्थिति में यह बैठक प्रत्येक विद्यालय में गरिमामयी सम्पन्न हुई। शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में रामप्रसाद दुग्गा ग्राम पटेल, शिवचरण निषाद वार्ड पंच, प्रभु राम दर्रो वार्ड पंच, शिवलाल निषाद, कार्तिक राम तारम, हंसराज उइके, तुलसी राम पददा द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी माँ सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। प्रभारी प्राचार्य उदे राम भुआर्य के मार्गदर्शन में मेगा बैठक सबल दीवान, विनोद साहू, बृजेश साहू, सुरेंद्र उइके, रामनाथ गोटा, अनील वर्मा, आत्मा राम तारमे, ममता रावटे, भुनेश उसेंडी शिक्षकों की उपस्थिति में प्रारम्भ की गई व अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट देकर किया गया।

### लोहत्तर विद्यालय प्रांगण में पालक-शिक्षक बैठक का किया आयोजन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के समस्त स्कूलों में गुरुवार को पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शाउमावि लोहत्तर के विद्यालय प्रांगण में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा कि शासन के मंशानुरूप शिक्षक एवं पालकों के बीच बेहतर समन्वय, शिक्षा की गुणवत्ता एवं बच्चों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित करने के लिए पीटीएम आयोजित किया जा रहा है। जैसे पालक घर में अपने बच्चों की देखभाल करते है, वैसे ही शिक्षक स्कूल में विद्यार्थियों की देखभाल करते हैं और दोनों के ही समन्वय से बच्चों का बेहतर विकास सुनिश्चित होता है। यह एक ऐसा अवसर होता है जहां विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों के माता-पिता या अभिभावक एक साथ मिलते हैं। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी की शैक्षिक प्रगति, व्यवहार और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करना होता है। अभिभावकों से बच्चों के टेस्ट परिणाम व पढ़ाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की और अभिभावकों से कहा कि वे प्रतिदिन अपने बच्चों से संवाद करें, बच्चों से पूछे की आज क्या सीखा, बच्चे जब विद्यालय से घर पहुंचे तब अभिभावक उनसे जरूर यह पूछें कि उन्होंने आज विद्यालय में क्या पढ़ा और आज क्या सीखा, इसकी जानकारियां बच्चों से अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कक्षा पहली से 12वीं तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले छात्रों को पुरुष्कृत किया और आने वाले भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

इस दौरान प्राचार्य श्याम सिँह नेगी, संतो दुग्गा, बंसती भालेश्वर, गोविन्द दीवान, मेहत्तर दीवान, पुरुषोत्तम देहारी, तेजप्रताप आमले, राहुल जाम्बुरकर, ओमप्रकाश भुआर्या, बैजूराम पुड़ो, गणेशिया कचलाम, बसंती गढ़यिा, निशा देहारी, मन्नू गढ़यिा, राजाराम निषाद, सुकचरण तोप्पा, रमेश सोनगेड़, पालक मनोज लावतरे, धनलाल, रामसाय, तुलेश नाग, राम बत्ती दर्रो, कविता, सरस्वती, निरो, बृजलाल प्यारेलाल, पुनीत राम सहित पालकगण और संस्था के शिक्षक शिक्षीकाए उपस्थित रहे।

### पालक शिक्षक मेगा सम्मेलन का किया गया आयोजन



**दुर्गुकोंदल।** पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने के लिए पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन शासकीय कन्या हाई स्कूल एवं 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में संयुक्त रूप किया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से पालकों से बच्चों का विभिन्न मुद्दों जैसे घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमी प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति आय निवास प्रमाण पत्र की जानकारी, न्योता भोजन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नवोदय राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा की जानकारी एवं पाक्सो एक्ट 2012 का व्यापक प्रचार प्रसार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सविस्तार चर्चा किया गया तथा शाला परिवार द्वारा न्योता भोजन कराया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सविता उईके ने शिक्षा की गुणवत्ता एवं बच्चों को निरंतर उपस्थिति देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा किशासन के द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ लेते हुए अपने बच्चों कोप्रतिदिन स्कूल भेजने की बात पालकों से की। इस अवसर मुकेश नरेटी सरपंच खुटगांव, तेन सिंह नरेटी, राजूराम दुग्गा, करिश्मा दुग्गा, संतूराम नरेटी, बीआरसी लतीफ सोम, संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, प्राचार्य मनीषा सिन्हा, संगीता केकती, नितेश साहू, मीना ढीमर, नरेंद्र साहू, दयालू ठाकुर, सावित्री ठाकुर, जागेंद्र डहरे, कौशल जैन, वैभव तिवारी, कन्या आवासीय अधीक्षिका शैलेंद्री मरकाम, शिक्षिका विनीता बघेल, हेमलता जैन एवं समस्त पालकगण उपस्थित रहे।

### कुरना में पालक-शिक्षकों की प्रथम बैठक हुई



**नरहरपुर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुरना में संयुक्त रूप से पालक शिक्षक प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अन्नूलाल जुर्री विशेष अतिथि हनुमंत साहू एवं पुनीत राम साहू, शैलेन्द्र साहू, पन्नालाल साहू, चैनू राम जुर्री, रामबाई, रूपेश्वरी, केशरबाई, रंजीत कोरेटी, मंजू तारम पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षक जीवनलाल कुंजाम, गैंदलाल सलाम, द्विव्येंदु मंडल, अखिलेश नामदेव, हेमलता गंगबेर, भगवती साहू का सहयोग रहा।

### प्राशा छिंदटोला में पालक-शिक्षक के सम्मेलन में 16 बिंदुओं पर होगी चर्चा

**पखांजुर।** शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक शाला छिंदटोला में पालक-शिक्षक मेगा सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शिक्षा और सर्वांगीण विकास को बेहतर बनाना था। सम्मेलन के दौरान 16 प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बच्चों की पढ़ाई के लिए घर में सकारात्मक वातावरण कैसे बनाया जाए, उनकी दैनिक दिनचर्या और आदतों की निगरानी कैसे की जाए और उन्हें गलत आदतों से कैसे दूर रखा जाए, इस पर विशेष जोर दिया गया। पालकों को प्रतिदिन बच्चों से यह पूछने की सलाह दी गई कि उन्होंने दिनभर में क्या सीखा। बच्चों में झिझक दूर करने और दूसरों से बातचीत करने की क्षमता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। पोक्सो एक्ट 2012 के बारे में जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया ताकि बच्चे सुरक्षित रहें। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण की स्थिति और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर भी चर्चा की गई। पालकों को दीक्षा और संपर्क जैसी डिजिटल ऐप्स और प्लेटफ़ॉर्मों के बारे में बताया गया, जिन पर बच्चों के लिए आकर्षक और इनोवेटिव शिक्षण सामग्री उपलब्ध है।



इसके अलावा, ई-जादुई पिटारा और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी पहल की भी जानकारी दी गई। बच्चों की नियमित उपस्थिति, साफ-सफाई, पहनावे और शाला के भौतिक संसाधनों के रखरखाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। यह सम्मेलन पालकों और शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ, जिससे बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया गया है।

### पीएमश्री सेजेस नरहरपुर में हुआ पालक सम्मेलन का आयोजन



**नरहरपुर।** छत्तीसगढ़ से जारी आदेश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार वर्ष 2025-26 में समस्त शैक्षिक संस्थाओं में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाना है, जिसके परिपालन में पीएमश्री सेजेस विद्यालय नरहरपुर में संस्था के प्राचार्य डिलेश्वर साव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विद्यालय स्तर पर प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में घर का वातावरण, छात्र की दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, विद्यार्थियों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति आय निवास प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा, पास्को एक्ट 2012 का व्यापक प्रचार प्रसार करना, विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना जैसे आदि प्रमुख विषयों पर चर्चा परिचर्चा किया गया। बैठक में पालकों ने शिक्षकों से सीधा संवाद करते हुए छात्रों की सतत प्रगति एवं माह जुलाई के मासिक मूल्यांकन के परीक्षाफल का अवलोकन किया और विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए जिस पर अमल करने के लिए शिक्षकों ने सहर्ष स्वीकार्य आश्वासन प्रदान किया।

### हाईस्कूल कोकानपुर में विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए पालकों की चर्चा, सहयोग का रखा सुझाव



**कोरर।** हाईस्कूल कोकानपुर में मेगा पालक शिक्षक बैठक आयोजित किया गया, जिसमे प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल में अध्ययनरत छात्रों के पालक शामिल हुए। मुख्य अतिथि की आसंदी से सरपंच कलीराम उइके ने पंचायत की ओर से सभी प्रकार का भरपूर सहयोग देने का आश्वाशन दिया। उपसरपंच योगिता राजपूत ने विद्यालय कि गतिविधियों में सभी पालकों को अपना सहयोग देने कहा। पूर्व उपसरपंच अनिल यदु ने सभी विद्यालयों को आपसी सामंजस्य से ऐसे बड़े कार्यक्रम करने तथा सभी वरिष्ट सम्माननीय जनों को भी आमंत्रित करने कहा। शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष माखन सिंह मंडावी ने संस्था की उपलब्धि तथा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमने पंचायत के साथ मिलकर इस वर्ष 1500 पौधों का रोपण ग्राम में किया गया है। हाई स्कूल कोकानपुर के प्राचार्य ने कहा कि छात्र-छात्राएं केवल उत्तम शिक्षा प्राप्त करके ही अपना तथा अपने पालकों का जीवन बदल सकते हैं। इसके बाद उन्होंने उपस्थित जन समूह को संस्था की उपलब्धि से अवगत कराया। भवन मरम्मत की मांग भी किया। माध्यमिक शाला की प्रधान अध्यापिका सविता जैन ने तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के संबंध में सभी के सहयोग से कार्यवाही करने की बात कही। प्राथमिक शाला की प्रधान अध्यापिका साधना बिसेन ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में बताया।

अंत में प्रतिभावान छात्र, छात्राओं का सम्मान किया गया, जिसमें हाई स्कूल से बाल केबिनेट अध्यक्ष चांदनी जैन, माध्यमिक शाला यशस्वी तथा प्राथमिक से हर्षिता बिसेन थे। कार्यक्रम में राघवेंद्र राजपूत, केशव सिन्हा, पारसमणी जैन, पूर्णिमा साहू, रुखमणि मंडावी एवं सभी गणमान्य नागरिक एवं पालक उपस्थित रहे।

## 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के बलकर्मियों ने किया रक्तदान



**अंतागढ़।** 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के समर्पित बलकर्मियों ने 7 अगस्त को रक्तदान करते हुए सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाया है। इस अवसर पर जवानों के अलावा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम शामिल रही। 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के वाहिनी परिसर में आयोजित शिविर सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व की भावना के तहत किया गया, जिसमें जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी द्वारा रक्तदान के लाभ और उस से जुड़ी स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियां दी गयी, जिससे जवानों में इस पहल को लेकर जागरूकता दिखी। कमांडेट अरूण देवगम ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, आपका रक्त किसी का जीवन बनता है और एसएसबी के जवान हमेशा राष्ट्र और समाज के लिए तत्पर रहते हैं। यह वाहिनी भविष्य में भी समय समय पर मानवता की सेवा में समर्पित रहेगी और इस तरह के आयोजनों के माध्यम से समाज से जुड़ी रहेगी। कार्यक्रम के अंत में आयोजन में सहभागी बने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग की सराहना की गई, जिनके सहयोग से रक्तदान प्रक्रिया सुचारू, सुरक्षित और प्रभावी रूप से हो पाया।

## हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान जारी



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं की सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आईएल पटेल के निर्देशानुसार, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान के मार्गदर्शन में अंतागढ़ रोड स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा एवं उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। कार्यक्रम में नगर निकाय के सफाई कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और सफाई अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देना था, बल्कि स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना भी था।

## ब्लॉक में जैविक अश्वगंधा की खेती की नई पहल



**पखांजुर।** कोयलीबेड़ा ब्लॉक में पहली बार जैविक औषधीय खेती की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत झारकट्टा गांव के एक किसान मनीराम उईके के खेत में अश्वगंधा और सूरजमुखी के बीज बोए गए हैं। इस का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के जाल से बाहर निकालकर जैविक और औषधीय फसलों की ओर प्रोत्साहित करना है। अखिल भारतीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलाई बोस ने भारतीय किसान यूनियन शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय के निर्देश पर यह कार्य शुरू किया है। इस अभियान में कृषि विभाग और बड़गांव के कृषि विस्तार अधिकारी भी शामिल हैं। अखिल भारतीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस क्षेत्र के किसान बहुत मेहनती हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में वे लगातार पारंपरिक खेती पर निर्भर हैं। अधिक रासायनिक खाद के इस्तेमाल से जमीन की उपजाऊ क्षमता भी घट रही है। अब समय आ गया है कि किसान जैविक खेती की ओर क्रांतिकारी कदम उठाएं, जिससे खेत की उर्वरक शक्ति बनी रहे।

## ब्लाक के विभिन्न कार्यों में गड़बड़ी के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रर्दशन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में मुख्यमंत्री जतन योजना, समग्र शिक्षा योजना, विशेष केन्द्रीय मद से स्कूल भवन मरम्मत कार्य में गड़बड़ी, भ्रष्टाचार और अन्य निर्माण कार्यों में गड़बड़ी के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रर्दशन कर प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री के नाम सर्व आदिवासी समाज ने तहसीलदार ज्ञापन सौंपा है। सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि विकासखंड दुर्गुकोंदल में मुख्यमंत्री जतन योजना, विशेष केन्द्रीय मद, समग्र शिक्षा मद से स्वीकत राशि से सैकडों स्कूल भवनों की मरम्मत हुई है। भवन मरम्मत की निर्माण एजेंसी शाला प्रबंधन समिति थी, लेकिन निर्माण एजेंसी शाला प्रबंधन समिति को दरकिनार कर खंड शिक्षा अधिकारी ने निजी ठेकेदारों से सांठगांठ कर मरम्मत कार्य कराया है। ठेकेदारों ने खंड शिक्षा अधिकारी के संरक्षण से स्कूल भवन मरम्मत में सिर्फ लीपापोती किया है और घटिया, गुणवत्ताहीन भवन मरम्मत कार्य के बावजूद फर्जी मूल्यांकन कराकर बच्चों के हित के लिए आई राशि को अधिकारी एवं



ठेकेदारों ने डकार लिया है। शिक्षकों से जबरन उपयोगिता प्रमाण पत्र देने दबाव डाला जा रहा है। मरम्मत कार्य में शाला प्रबंधन समिति और संस्था के शिक्षकों की बातों को नहीं सुना गया और न ही परामर्श लिया गया। तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच करने की मांग किया, लेकिन जांच नहीं हुई है। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन के माध्यम से मांग कर रहे है कि 17 अगस्त तक भवन मरम्मत कार्य के भ्रष्टाचारियों खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई, तो 18 अगस्त को पुनः एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे और 19 अगस्त को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन में समाज के पदाधिकारी शामिल रहे।







